ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)
ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

पत्रांक : 182 / भा0वि0वि0 / प0नि0का0 / 2026 दिनांक : 12 फरवरी, 2026

सेवा में,

निदेशक / समस्त विभागाध्यक्ष / विषय प्रभारी
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय
लखनऊ।

विषय– सत्र 2025–26 सम सेमेस्टर शुल्क दिनांक 15.02.2026 से पूर्व जमा किये जाने के सम्बंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया अधिष्ठाता शैक्षणिक के पत्र संख्या–367 / अधि0शै0 / भाविवि / 2026 दिनांक 17.01.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से सत्र 2025–26 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत समस्त पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किया था। उक्त जारी कार्यक्रम के अनुसार बिना किसी विलम्ब शुल्क के वांछित शुल्क जमा किये जाने की अंतिम तिथि **दिनांक 15.02.2026** निर्धारित की गयी है।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा एक समयबद्ध एवं प्रक्रियागत कार्य है। पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने के उपरान्त परीक्षा फार्म भराया जाना है जिसके दृष्टिगत अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या–42 / भाविवि / पनिका / 2026 दिनांक 07.02.2026 के द्वारा आपसे यह अनुरोध किया गया था कि वांछित शुल्क जमा किये जाने हेतु प्रेरित एवं निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि छात्र–छात्राओं को विलम्ब शुल्क न देना पड़े।

सूच्य है कि उक्त पत्र जारी किये जाने के बावजूद भी अभी तक समस्त विभागों के मात्र 1650 छात्र–छात्राओं द्वारा वांछित शुल्क जमा किया गया है। स्पष्ट है कि अधिकतर छात्र–छात्राओं द्वारा अभी तक सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया गया है जबकि दिनांक 15.02.2026 के पश्चात छात्र–छात्राओं से विलम्ब शुल्क लिया जाना निर्धारित किया गया है।

अस्तु इस सम्बन्ध में मुझे आपसे पुनः अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि अपने विभाग के छात्र–छात्राओं को विभिन्न माध्यमों से दिनांक 15.02.2026 तक पूर्व वांछित शुल्क जमा किये जाने हेतु प्रेरित एवं निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि छात्र–छात्राओं को विलम्ब शुल्क न देना पड़े और तत्पश्चात् परीक्षा फार्म भराये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सके ताकि शासन द्वारा निर्धारित तिथि से सम सेमेस्टर मई–2026 की परीक्षाएं आयोजित करायी जा सके।

भवदीय

12.2.2026

(विकास)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित।
1. निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता शैक्षणिक को सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक